**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.813**
**उत्तर देने की तारीख 04 फरवरी, 2026**

**रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग में भारतनेट परियोजना**

**813. श्री नारायण तातू राणेः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतनेट परियोजना के अंतर्गत विशेषकर महाराष्ट्र के रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में ऑप्टिकल फाइबर से जुड़े गांवों और उसके आसपास स्थित गांवों की संख्या कितनी है;
(ख) क्या रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के कई गांवों को उक्त योजना के तहत अभी तक इंटरनेट सुविधा प्रदान नहीं की गई है;
(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
घ) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र मूल रूप से ग्रामीण, पिछड़ा और अत्यंत पिछड़ा है; और
(ङ) यदि हां, तो उक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए यहां नेट सुविधा कब तक उपलब्ध कराई जाएगी?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क),(ख),(ग),(घ) और (ङ) महाराष्ट्र में, भारतनेट के अंतर्गत दिनांक 21.12.2025 तक 24,575 ग्राम पंचायतों (जीपी) को सेवा के लिए तैयार कर दिया गया है जिनमे से 766 ग्राम पंचायतें रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग निर्वाचन क्षेत्र का भाग हैं। इसके अलावा लगभग 326 नव-सृजित ग्राम पंचायतों और मांग के आधार पर बिना ग्राम पंचायत वाले लगभग 15,799 गांवों को कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए महाराष्ट्र राज्य में संशोधित भरतनेट कार्यक्रम (एबीपी) को लागू करने का प्रस्ताव है। एबीपी के अंतर्गत निर्माण चरण को पूरा करने की समय-सीमा, करार पर हस्ताक्षर करने की तारीख से तीन वर्ष है।

*****